राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला
अन्तरिक्ष विभाग, भारत सरकार
पाकाला मंडल, चित्तूरू जिला. गादंकी – 517 112

विज्ञापन सं. एनएआरएल/आरएमटी/01/2009 **दिनांक: 12.10.2009**

वायुमंडलीय भौतिकी के आविर्भाव व सीमावर्ती क्षेत्रों में वायुमंडलीय विज्ञान एवं अनुसंधान के लिए **राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (एनएआरएल)** एक प्रधान केन्द्र है, जो युवा वैज्ञानिक एवं इंजीनियरों को चुनौतीपूर्ण अवसर प्रदान करता है। एनएआरएल का भविष्य कार्यक्रमं प्रधानतया प्रेक्षणीय प्रणालियों का विकास तथा व्यापक अनुसंधान क्षेत्र जैसे विकिरण अध्ययन, मौसम तथा जलवायु विषयक मॉडलिंग गतिविधियों, मौसम आधारित आँकडें समीकरण, लाइडर के संस्थापन द्वारा समन्वित प्रेक्षणों का प्रतिपादन, राडार, जीपीएस ग्राही नेटवर्क, बैलून वहित विकास व उपग्रह उपकरन एवं राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों का प्रतिपादन करना हैं।

एनएआरएल में क्षेत्रीय प्रयोगों के समर्थक तकनीकी प्रयोगशालाएं, उच्चश्रेणी संगणक एवं पुस्तकालय जैसे प्रधान आधारभूत सुविधाएं हैं। प्रवर्तित प्रौद्योगिकियों के भविष्य के कार्यक्रम तथा विकास की सिद्धि हेतु युवा एवं उत्साही वैज्ञानिक/छात्रों के लिए निम्न चनुौतीपूर्ण अवसर एनएआरएल में उपलब्ध हैं।

<u>कनिष्ठ अनुसंधान कर्ताओं के लिए एनएआरएल द्वारा आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं</u>

पद सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	शैक्षिक योग्यता
01.	**कनिष्ठ अनुसंधान कर्ता (क.अ.क)** **फैलोशिप की राशि :** प्रथम व द्वितीय वर्ष के लिए रू.12000/- (समेकित) प्र.म. एवं तदनंतर वर्षो के लिए रू.14000/- (समेकित) प्र.म. + हेचआरए लागू हैं।	06	भौतिकी/गणित/ वायुमंडलीय विज्ञान/वायुमंडलीय भौतिकी/ अन्तरिक्ष भौतिकी/मौसम विज्ञान/इलेक्ट्रानिकी में **65%** अंक अथवा इससे अधिक अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में एम.एस.सी या **60%** अंक अथवा इससे अधिक अंकों के साथ वायुमंडलीय विज्ञान/ अन्तरिक्ष तकनीकी में एम.टेक. जो अंतिम वर्ष की परीक्षा दे रहे है, वे भी दरख्वास्त कर सकते है। **जो यूजीसी – नेट/ गेट परीक्षाओं में अर्हता प्राप्त किए हैं, उन उम्मीदवारों को मान्यता दिया जायेगा।**

<u>सूचना</u> : प्रशासनिक अधिकारी, राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला, पी.बी.सं. 123, एस.वी.विश्वविद्यालय परिसर, तिरूपति–517502, आं.प्र. को इस विज्ञापन के प्रकाशित होने से 15 दिनों के अंदर आवेदनपत्र को संलग्नकों के साथ पूर्ण रूप से भरकर पहुँचा दें।

प्रशासनिक अधिकारी

I. पात्रता :

1. **पद संख्या. 1 के लिए :** 65% अंक अथवा इससे अधिक अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर (सभी सेमिस्टर/वर्षों के समग्र)

2. उम्मीदवार, जो 2008-09 तक पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए है दरख्वास्त के लिए योग्य है बशर्तें **31/12/2009** तक स्नातकोत्तर की उपाधि उपलब्ध होनी है ।

II. आयु सीमा : प्राप्त आवेदनपत्र के निर्धारित अंतिम तारीख तक 30 वर्ष से कम परंतु अ.जा/अ.जजा उम्मीदवारों के संदर्भ में 05 वर्ष अन्य पिछडे वर्ग के लिए 03 वर्ष की छूट होगी । वर्तमान सरकारी नियमों के अनुसार भूतपूर्वसैनिक और विकलांग उम्मीदवार आयु में छूट के लिए पात्र होंगे। उपरोक्त पदों के लिए विकलांग उम्मीदवारों के आरक्षण संबंधी आदेशों का लागू होने तक बढाया जाएगा।

III. चयन प्रक्रिया : उम्मीदवार में अनिवार्य योग्यता व अनुभव रहना परीक्षा/साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने के लिए पर्याप्त नही हैं। पदों के लिए प्राप्त आवेदनपत्रों का चयन विधिवत आयोजित चयन समिति द्वारा होगा और साक्षात्कार हेतु आवश्यकता पडने पर लघु-सूचीकारन के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। परीक्षा/साक्षात्कार हेतु योग्य उम्मीदावर को बुलाने का अधिकार एनएआरएल सुरक्षित रखती है और इस संबंध में किसी भी पत्राचार के लिए अनुमति नही हैं।

IV. सामान्य शर्तें / अनुदेश :

1. **केवल भारत के निवासी ही आवेदन कर सकता है ।**
2. साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु आवेदनपत्र में दिये गये पते के नजदीकी मार्ग से साक्षात्कार स्थान तक आने-जाने का द्वितिय श्रेणी का रेल भाडा दिया जायेगा ।
3. वर्तमान में नियुक्ति का स्थान एनएआरएल, गादंकी है, लेकिन चयन किया गया उम्मीदवार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन /अन्तरिक्ष विभाग के किसी भी यूनिट में आवश्यकता पडने पर भारत के किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है ।
4. आवेदक यदि केन्द्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम, स्वयत्त संगठन में कार्यरत हो तो उचित माध्यम द्वारा दरख्वास्त करना होगा । आवेदन के अग्रेषण में यदि कोई देरी होने की पूर्वानुमान हो तो, अंतिम तारीख से पहले अग्रिम प्रतियां प्रस्तुत कर सकते हैं , तद्यपि, साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।.
5. भर्ती किया गया कनिष्ठ अनुसंधान कर्ता एनएआरएल अथवा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन / अन्तरिक्ष विभाग के किसी भी केन्द्र/यूनिट में नियमित रूप में रोजगार के लिए किसी भी दावा या अधिकार प्रदान नही करेगा ।
6. अभ्यर्थी को आयु, शैक्षिक योग्यता, जाति, अनुभव आदि के सबूत के रूप में संबंधित प्रमाणपत्र /प्रशंसापत्र के साक्ष्यंकित प्रतियों के साथ आवेदन प्रस्तुत करना होगा ।
7. अभ्यर्थी को आवेदन में दर्शाये विवरण को जब कभी आवश्यक पडने पर प्रस्तुत करना होगा ।
8. **परिशिष्ट – I** में निर्धारित प्रारूप ए4 आकार कागज (210 X 297 मि.मी) में अपेक्षित सूचना (स्पष्ट हस्तलिखित अथवा टंकित किया गया हो)सादे कागज पर पूर्ण रूप से भरकर भेजें ।
9. निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित जानकारी / हस्ताक्षर / उचित सथान पर फोटोग्राफ चिपकाये /शैक्षिक योग्यता के लिए दावे के समर्थन में सभी प्रमाणपत्रों के साक्ष्यंकित प्रतियां, अनुभव, आयु, जाति आदि के बिना प्राप्त आवेदनपत्र **रद्द** किए जा सकते हैं।
10. उम्मीदवार विशेष ध्यान दें कि यदि किसी भी कारण से (जैसे गलत संबोधित लिफाफे, कहीं और वितरित, डाक द्वारा विलंब आदि) प्राप्त आवेदन इस प्रयोगशाला द्वारा स्वीकृत नही किये जायेंगे । प्राप्त आवेदन के तदनन्तर यदि कोई संलग्नक अलग से प्राप्त हो तो उससे जुडा नही जायेगा । इस संबंध में कोई पत्राचार नही किया जायेगा ।
11. पात्रता, आवेदनपत्रों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधा, परीक्षा का आयोजन/साक्षात्कार से संबंधित सभी मामलों में एनएआरएल का निर्णय ही अंतिम हैं और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा एवं उम्मीदवार की ओर से किसी भी व्यक्ति या संस्था से इस संबंध में पूछताछ या पत्राचार नही किया जायेगा ।
12. पदों को भर्ती करने या न करने का अधिकार एनएआरएल सुरक्षित रखती है ।
13. उम्मीदवार जो लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/ नियुक्ति के लिए चयनित नही हैं, उन्हें किसी भी प्रकार के आंतरिक पत्राचार के लिए अनुमति नहीं है।
14. किसी भी प्रकार का प्रचार एवं /या राजनीती या कोई अन्य प्रभाव लाना पद के लिए अयोग्य माना जायेगा ।
15. आवेदनपत्र को पूर्ण रूप से भरकर संलग्नकों के साथ केवल 'साधारण डाक' द्वारा इस विज्ञापन के प्रकाशित होने से 15 दिनों के अंदर **प्रशासनिक अधिकारी, राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला, पी.बी.सं. 123, एस.वी. विश्वविद्यालय परिसर, तिरूपति–517502, आं.प्र.** पते पर भेजे ।
16. आवेदन पत्र को लिफाफे में डालकर लिफाफे के ऊपर " पद संख्या ____________ , ______________ पद के लिए आवेदन " लिखकर भेजें । (पद का नाम व पद संख्या स्पष्ट करें)

प्रशासनिक अधिकारी